पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में खिचड़ी मेले व गोरखपुर महोत्सव की तैयारियों तथा जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा की

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए : मुख्यमंत्री

## महोत्सव आयोजन से सम्बन्धित शेष कार्य शीघ्रता से पूर्ण किए जाएं, महोत्सव में पारम्परिक व स्थानीय कलाकारों, प्रतिभाओं को पर्याप्त अवसर दिए जाएं तथा उन्हें प्रोत्साहित किया जाए

## गोरखपुर महोत्सव में प्रत्येक सेक्टर के विकास, योजनाओं और उपलब्धियों पर गोष्ठी कराने के निर्देश

## आगामी 31 दिसम्बर एवं नववर्ष के पहले दिन क्षेत्र में सी0सी0टी0वी0 कैमरों से निगरानी की जाए, ताकि कोई अराजकता न फैलाने पाए, रामगढ़ताल क्षेत्र में पार्किंग की अतिरिक्त व्यवस्था करने के निर्देश

## जनपद में सभी निर्माण परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तेजी से पूर्ण कराया जाए

## विरासत गलियारे के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, प्रभावित दुकानदारों का व्यवस्थित पुनर्वास किया जाए

**लखनऊ : 19 दिसम्बर, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद गोरखपुर में जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर मकर संक्रांति पर श्री गोरखनाथ मन्दिर में लगने वाले विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेले व गोरखपुर महोत्सव की तैयारियों तथा जनपद में किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जी ने खिचड़ी मेले के प्रबन्ध के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से उनकी तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि खिचड़ी मेले से पहले नववर्ष के पहले दिन एक जनवरी को भी मंदिर में गुरु गोरखनाथ जी के दर्शन के लिए भारी भीड़ आती है। यह मेले की तैयारियों के रिहर्सल का अच्छा मौका होगा। खिचड़ी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने आते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री जी ने 11 से 13 जनवरी, 2026 तक आयोजित होने वाले गोरखपुर महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि महोत्सव में स्थानीय कलाकारों, प्रतिभाओं को भरपूर मौका दिया जाए। पारम्परिक कलाओं को महोत्सव के जरिये प्रोत्साहित करने के प्रयास किए जाएं। महोत्सव के आयोजन से सम्बन्धित जो भी कार्य शेष रह गए हैं, उन्हें शीघ्रता से पूरा कर लिया जाए। उन्होंने गोरखपुर महोत्सव में प्रत्येक सेक्टर के विकास, योजनाओं और उपलब्धियों पर गोष्ठी कराने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री जी ने नव वर्ष के पहले दिन शहर के खास पर्यटन केंद्र रामगढ़ताल क्षेत्र में भारी भीड़ उमड़ने की सम्भावना को देखते हुए लोगों की सुविधा और सहूलियत के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी 31 दिसम्बर एवं नववर्ष के पहले दिन इस क्षेत्र में सी0सी0टी0वी0 कैमरों से निगरानी की जाए, ताकि कोई अराजकता न फैलाने पाए। उन्होंने इस विशेष अवसर पर रामगढ़ताल क्षेत्र में पार्किंग की अतिरिक्त व्यवस्था करने और इसका समय रहते प्रचार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी सड़क पर वाहन न खड़े होने पाएं।

मुख्यमंत्री जी ने जनपद में गतिमान विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी निर्माण परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तेजी से पूर्ण कराया जाए। सुगम यातायात व्यवस्था देना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने विरासत गलियारे की भी समीक्षा की और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विरासत गलियारे के दायरे में आने से जो दुकानें पूरी तरह प्रभावित हुई हों, उनके स्वामियों को दुकान उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम और गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण की तरफ से पहल की जाए। प्रभावित दुकानदारों का व्यवस्थित पुनर्वास किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने शीतलहर में आमजन की सुविधाओं के लिए पर्याप्त संख्या में अलाव जलवाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में जनप्रतिनिधिगण तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

---------

***PN-CM-Gorakhpur Visit-Review Meeting-19 December, 2025***